www.deshkiupasana.com
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
RNI NO - UPHIN/2022/86937
जौनपुर से प्रकाशित
# देश की उपासना
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
DKU LIVE
सब पर नज़र, सबकी ख़बर
वर्ष – 04 अंक – 351 जौनपुर, मंगलवार, 11 अगस्त 2026 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज – 4 मूल्य – 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### छात्र प्रदर्शन पर पुलिस कार्रवाई से भाजपा का भारी हंगामा

झारखंड, (एजेंसी)। झारखंड विधानसभा में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने राज्य में भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस की कार्रवाई को लेकर जमकर हंगामा किया, जिससे विधानसभा अध्यक्ष को सदन की कार्यवाही दूसरी बार भी स्थगित करनी पड़ी। विपक्षी विधायक आसन के निकट आ गए और सोमवार को प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों पर हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो के बार–बार अनुरोध के बावजूद भाजपा विधायक अपनी सीट पर नहीं लौटे। महतो ने सदन की कार्यवाही पहले दोपहर 12 बजे तक के लिए और फिर उसके बाद अपराह्न दो बजे तक स्थगित कर दी। दोपहर 12 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही पुनरू शुरू हुई, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने छात्रों पर लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले दागने और पानी की बौछार करने सहित कथित कार्रवाई पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जवाब मांगा। इससे पहले, कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने छात्रों के विरोध का मुद्दा उठाया और आरोप लगाया कि अभ्यर्थियों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान भाजपा समर्थित असामाजिक तत्वों ने हिंसा की। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के सदस्य आसन के निकट आ गए जिसके कारण कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। हजारों अभ्यर्थियों और छात्रों ने सोमवार को विधानसभा की ओर मार्च निकाला, कई अवरोधकों को पार कर लिया तथा पुलिसकर्मियों के साथ उनकी झड़प भी हुई। प्रदर्शनकारियों के विधानसभा की ओर बढ़ने पर पुलिस ने जगन्नाथपुर मंदिर के पास पानी की बौछारें कीं और आंसू गैस के गोले दागे। कई प्रदर्शनकारियों ने घायल होने का दावा किया है, जबकि रांची पुलिस ने कहा कि विरोध प्रदर्शन के दौरान 14 पुलिसकर्मी घायल हुए। कई परीक्षाओं को रद्द करने तथा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या झारखंड से बाहर के उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के एक पैनल द्वारा स्वतंत्र जांच की मांग ।

## खिलाड़ियों ने केवल पदक नहीं, एक पीढ़ी तैयार की - पीएम मोदी



नई दिल्ली, (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के राष्ट्रमंडल खेलों के चौंपियनों से बातचीत की और देश को गौरवान्वित करने के लिए उन्हें बधाई दी। इस दौरान उन्होंने पिछले एक दशक में भारतीय खेलों में आए बदलाव, खिलाड़ियों की उपलब्धियों, जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को तैयार करने और देश में व्यापक खेल संस्कृति विकसित करने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों के पदक स्कूलों में युवाओं को किसी भी मौखिक प्रोत्साहन से कहीं अधिक प्रेरित करते हैं और उन्हें भरोसा है कि भारतीय एथलीट भविष्य में भी देश के लिए जीत हासिल करते रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय खेलों के बदलते परिदृश्य पर चर्चा करते हुए कहा कि उनके करीब 12–13 साल के कार्यकाल के दौरान राष्ट्रीय खिलाड़ियों का उनके आवास पर स्वागत करना एक नियमित और प्रिय परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि देश के लिए लगातार जीत हासिल करने में भारतीय एथलीटों की मेहनत और सफलता युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का बड़ा माध्यम बन रही है। उन्होंने कहा, "आपका पदक उन्हें स्कूलों में जाकर जो कुछ भी कह सकता है, उससे कहीं अधिक प्रेरित करता है।" पीएम नरेंद्र मोदी ने एक एथलीट से बातचीत के दौरान उनकी बेटियों के खेल अपनाने और उनकी प्रगति से जुड़ी चर्चा की। एथलीट ने बताया कि उसने अपनी बेटियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया है और उन्हें भरोसा है कि वे आगामी राष्ट्रमंडल खेलों में तीन पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाएंगी। प्रधानमंत्री ने उनके आत्मविश्वास की सराहना की और उत्कृष्टता के लिए उनके संकल्प को प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों की भावनात्मक और संघर्षपूर्ण यात्रा का भी उल्लेख किया। उन्होंने एक खिलाड़ी का जिक्र किया, जिसने गुरु पूर्णिमा के दिन मिली जीत अपने कोच को समर्पित की। वहीं, एक अन्य एथलीट चार साल तक लगातार चोटों और व्यक्तिगत कठिनाइयों से जूझने के बाद पोडियम पर पहुंचा ।

## झंडों को जमीन पर नहीं फेंकना चाहिए – गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को ध्वज संहिता का पालन करने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने कहा कि हालांकि महत्वपूर्ण राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और खेल आयोजनों के दौरान आम लोग कागज से बने झंडे लहरा सकते हैं, लेकिन कार्यक्रमों के बाद उन्हें फेंका या जमीन पर नहीं डाला जाना चाहिए। कल सोमवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को भेजे गए एक संदेश में, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज फहराने से जुड़े कानूनों, तौर–तरीकों और नियमों के बारे में लोगों के साथ–साथ सरकारी संगठनों और एजेंसियों में भी अक्सर जानकारी की कमी देखी जाती है। इसमें कहा गया, "मुझे यह कहने का निर्देश दिया गया है कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज हमारे देश के लोगों की उम्मीदों और आकांक्षाओं का प्रतीक है, इसलिए इसे सम्मानजनक स्थान मिलना चाहिए।" मंत्रालय ने राज्यों से कहा कि वे इस संबंध में बड़े पैमाने पर जागरूकता कार्यक्रम चलाएं और



इलेक्ट्रॉनिक तथा प्रिंट मीडिया में विज्ञापनों के जरिए इनका व्यापक प्रचार–प्रसार करें। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नागरिकों से तिरंगा यात्राओं, तिरंगा रैलियों और 'वंदे मातरम' के सामूहिक गायन के माध्यम से इस अभियान में भाग लेने और इसे मनाने तथा हर घर तिरंगा की आधिकारिक वेबसाइट पर तिरंगा फहराते हुए अपनी सेल्फी साझा करने की अपील की। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक संदेश में उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा शुरू किया गया 'हर घर तिरंगा' अभियान हमारे राष्ट्र की सामूहिक ताकत का प्रतिबिंब है।

## राहुल के समर्थन में खड़ी हुई प्रियंका गांधी, अमित शाह से बयान देने की मांग की

नई दिल्ली, (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने झारखंड में विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों से मुलाकात की। यह मुलाकात संसद में छात्रों के आंदोलन को लेकर चल रहे राजनीतिक तनाव के बीच हुई। संसद पहुँचने पर, जहाँ छक। सांसद विपक्ष पर सदन की चर्चाओं से बचने का आरोप लगाते हुए विरोध–प्रदर्शन कर रहे थे, प्रियंका गांधी ने कहा कि राहुल गांधी झारखंड के छात्रों से मिले हैं। उन्होंने संसद परिसर के अंदर सत्ताधारी पार्टी के सांसदों के विरोध प्रदर्शन की आलोचना की और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बयान देने की मांग की। उन्होंने कहा कि मैंने पहली बार देखा है कि सत्ताधारी पार्टी के सांसद विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कम से कम हमने उन्हें ऐसा करने के लिए मजबूर तो किया। अब उन्हें (अमित शाह) आकर बयान देना चाहिए। ये टिप्पणियां सोमवार को रांची में राज्य विधानसभा के बाहर छात्रों के प्रदर्शन के बाद आईं, जो अपनी मांगों और भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर विरोध कर रहे थे। जब छात्र और नौकरी के उम्मीदवार विधानसभा की ओर बढ़े तो स्थिति बिगड़ गई और पुलिस के साथ झड़प हो गई। बैरिकेड्स तोड़े जाने के बाद अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए बल का प्रयोग किया। झारखंड में छात्रों का आंदोलन एक राजनीतिक मुद्दा बन गया है।



## दिल्ली बनेगी धार्मिक–आध्यात्मिक पर्यटन का हब, सीएम रेखा गुप्ता ने लॉन्च किए 4 नए टूरिज्म सर्किट



नई दिल्ली, (एजेंसी)। दिल्ली की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को पर्यटन के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज मंगलवार को अक्षरधाम मंदिर परिसर में चार नए टूरिज्म सर्किट लॉन्च किए। 'आध्यात्मिक एवं विरासत पर्यटन सम्मेलन 2026' के शीर्षक तले आयोजित इस कार्यक्रम को दिल्ली सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित किया गया। सद्घगुरु जग्गी वासुदेव ने भी इस सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन के दौरान अक्षरधाम परिसर में एक विशेष 'हेरिटेज वॉक' का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने दिल्ली की सांस्कृतिक और स्थापत्य धरोहर से जुड़ी बारीकियों की जानकारी हासिल की। अक्षरधाम की दिव्य पवित्र भूमि पर आयोजित इस कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। सद्गुरु ने अक्षरधाम मंदिर के दर्शन किए और मंदिर की आध्यात्मिक गरिमा को सराहा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अक्षरधाम परिसर की पवित्रता और आध्यात्मिक अनुभूति में इस कार्यक्रम के लोकार्पण करते हुए खुशी जाहिर की। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे हुआ। पर्यटन विभाग द्वारा विमोचित ये चार नए सर्किट राजधानी के प्रमुख मंदिरों, अन्य धार्मिक स्थानों के साथ–साथ उन ऐतिहासिक व सांस्कृतिक स्थलों को भी आपस में जोड़ते हैं जो अभी तक पर्यटन के नक्शे में कम चर्चित रहे हैं। पर्यटन विभाग का उद्देश्य पर्यटकों को एक ही यात्रा में दिल्ली की समृद्ध धार्मिक और ऐतिहासिक विरासत का अनुभव कराना है। वहीं, 12 अगस्त को सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और यूट्यूबर्स को इन रूट्स की सैर कराई जाएगी। इसके बाद वीडियो, रील्स और तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की जाएंगी। इससे पहले फरवरी 2026 में दिल्ली सरकार 'दिल्ली की धरोहर', 'दिल्ली का दिल और विरासत', 'दिल्ली का रहस्य' और 'दिल्ली देखो दिल से' नाम से चार हेरिटेज–कल्चरल सर्किट शुरू कर चुकी है। सरकार का मानना है कि इन सर्किट के लोकप्रिय होने से स्थानीय गाइड, परिवहन संचालकों, रेस्तरां, दुकानदारों और अन्य छोटे कारोबारियों के लिए भी आर्थिक अवसर बढ़ेंगे।

## भाजपा ने राहुल गांधी पर साधा निशाना, कहा- डरें नहीं, संसद में गृह मंत्री का भाषण सुनें



नई दिल्ली, (एजेंसी)। भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने संसद में जारी विपक्ष के हंगामे पर राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की हमेशा से आदत रही है कि वो सदन में जवाब नहीं सुनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह हर विषय पर जवाब देने को तैयार हैं लेकिन कांग्रेस, इससे भाग रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास रहा है कि वो सदन में चर्चा से भागती है। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा सांसद ने दावा किया और राहुल गांधी को चुनौती दी है कि गृह मंत्री सदन में आकर बिंदुवार जवाब देने को तैयार हैं, इसीलिए सदन छोड़कर आप न भागे। रांची में छात्रों के आंदोलन का जिक्र करते हुए भाजपा सांसद ने कहा कि रांची में अनुशासित, मर्यादित छात्र जो पूर्णतः गैर राजनीतिक, सामान्य, समुचित मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, उनके साथ जो व्यवहार हो रहा है वह अनुचित है। राहुल गांधी के कान पूरी तरह से बंद हैं। रांची के छात्रों की गूंज उन्हें सुनाई नहीं दे रही है। सत्र के दौरान सदन से भागते हैं और सत्र के बाद विदेश भागते हैं। यह स्वाभाविक है कि इस बार भी वे सत्र के बाद विदेश भागेंगे, लेकिन इससे पहले इतनी हिम्मत जुटाइए, इतना साहस जुटाइए और गृह मंत्री का वक्तव्य सुनकर जाइए। उन्होंने विपक्ष के नेता की जिम्मेदारी का जिक्र करते हुए कहा कि जब खरगे जैसे सीनियर नेताओं ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता का पद संभाला और इससे पहले जब अधीर रंजन चौधरी लोकसभा में विपक्ष के नेता थे, तब भी ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी गई। उस समय के बारे में सोचिए जब अरुण जेटली विपक्ष के नेता थे या अटल जी की सरकार के दौरान जब सोनिया गांधी और डॉ. मनमोहन सिंह विपक्ष में थे। क्या ऐसा नजारा पहले कभी देखा गया था। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि संसद का मानसून सत्र अपने आखिरी दौर में है। इस सत्र के बाद भारत अपनी आजादी के 80वें साल में प्रवेश करेगा।

## छात्रों के आंदोलन को सत्ता–विपक्ष की राजनीति से बचाएं – मायावती

लखनऊ, (संवाददाता)। बसपा सुप्रीमो और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मंगलवार को छात्रों और युवाओं के मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सत्ता और विपक्ष किसी न किसी मुद्दे की आड़ में जनता का ध्यान ज्वलंत समस्याओं से भटका रहे हैं। छात्रों और जेन–जी के आंदोलनों को राजनीतिक दलों की राजनीति का हिस्सा नहीं बनने देना चाहिए। मायावती ने कहा कि दिल्ली के जंतर–मंतर पर छात्रों और युवाओं के आंदोलन को कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने हाईजैक कर लिया। अब झारखंड की राजधानी रांची में चल रहे छात्रों और युवाओं के आंदोलन के समर्थन में भाजपा और उसके सहयोगी दल सामने आ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों जगह युवाओं की समस्याओं के समाधान के बजाय चुनावी स्वार्थ की राजनीति अधिक दिखाई दे रही है। उन्होंने देशभर के छात्रों और जेन–जी से अपील की कि वे सत्ता और विपक्ष के कथित षड्यंत्र से दूर रहें और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए राजनीतिक दलों का सावधानी से इस्तेमाल करें। बसपा प्रमुख ने रोजगार के मुद्दे पर कहा कि उनकी सरकारों में छात्रों और युवाओं की समस्याओं का विशेष ध्यान रखा गया। सरकारी भर्तियों पर लगी रोक हटाकर लाखों लोगों को रोजगार के अवसर दिए गए ।



## अमेरिका–ब्रिटेन–कनाडा के दौरे पर जाएंगे मोहन भागवत



नई दिल्ली, (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भगवत 25 अगस्त से संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और यूनाइटेड किंगडम की यात्रा करेंगे। यह जानकारी सूत्रों के अनुसार है। डॉ. भगवत भारतीय प्रवासी समुदाय से जुड़े विभिन्न स्थानीय संघों और संगठनों के निमंत्रण पर विदेश यात्रा करने वाले हैं। यह दौरा ऐसे अहम समय पर हो रहा है जब आरएसएस अपनी शताब्दी मना रहा है। अपने दौरे के दौरान, भगवत के भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्यों और स्थानीय संगठनों के प्रतिनिधियों से बातचीत करने की उम्मीद है। उनकी यात्रा कार्यक्रम और व्यस्तताओं के बारे में आगे की जानकारी बाद में घोषित किए जाने की उम्मीद है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के एक पोस्ट में, आरएसएस प्रचार प्रमुख सुनील अंबेकर ने कहा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक (प्रमुख) डॉ. मोहन भगवत विदेशों में स्थित स्थानीय संघों और संगठनों के निमंत्रण पर 25 अगस्त 2026 से अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन की यात्रा पर रहेंगे। यह यात्रा आरएसएस के चल रहे शताब्दी वर्ष के अवसर पर हो रही है इससे पहले, भगवत ने मुंबई में भारत के अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्र एकीकरण आंदोलन (आईआईएमयूएन) के 15 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में युवाओं को संबोधित किया। आरएसएस प्रमुख मोहन भगवत ने कहा कि लोकतंत्र में आम सहमति बनाने का एक तरीका विरोध प्रदर्शन भी है। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी आंदोलन का उद्देश्य व्यवस्था में सुधार लाना होना चाहिए।नई पीढ़ी मौजूदा पीढ़ी से कहीं अधिक ईमानदार हैं। देशभक्ति और सेवा की सच्ची अपील उन पर असर डालती है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि युवा पीढ़ी का दृष्टिकोण पुरानी पीढ़ी से अलग है और वे तर्क को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा, जेनरेशन जी के बारे में मेरे अनुभव के अनुसार, जब हम उनकी उम्र के थे, तो बड़ों की हर बात मान लेते थे,

## हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के सकुशल एवं भव्य आयोजन मे की जाये स्कूली बच्चों की भी सहभागिता - सीडीओ

(डाक्टर अजय तिवारी
जिला संवाददाता)

अयोध्या। सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह ने अपने कार्यालय में मंगलवार को 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के सकुशल एवं भव्य आयोजन की तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की।इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को पूरी गरिमा, भव्यता एवं उत्साह के साथ आयोजित किया जाए।इस अवसर पर मुख्य कोषाधिकारी ममता सिंह, डीसी एनआरएलएम,जिला विकास अधिकारी,जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पर्यटन अधिकारी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम में स्कूली बच्चों की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाए।विद्यालयों में देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराए जाएं तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया जाए।बैठक मे जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि 15 अगस्त के अवसर पर विद्यालयों में विविध सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाए।उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद के सभी विकासखंडों में तिरंगा यात्रा का आयोजन कराया जाए।ग्राम प्रधानों के माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत में भी तिरंगा यात्रा निकाली जाए तथा ग्रामीणों की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाए।उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को जनभागीदारी के साथ व्यापक रूप से सफल बनाया जाए। कार्यक्रम के दौरान साफ– सफाई एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा सभी आयोजन स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं।मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रमों की तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि स्वतंत्रता दिवस एवं हर घर तिरंगा अभियान को जनपद में भव्य, सुव्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण ढंग से मनाया जा सके।



# बीएससी पाठ्यक्रम में रिक्ति सीटों पर सीधे प्रवेश का अवसर

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। यूपी के जौनपुर में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए बीएससी पाठ्यक्रम के में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के सीधे प्रवेश ले सकते है। यह प्रवेश पहले आओ पहले पाओगे आधार पर होगा। इंटरमीडिएट जीव विज्ञान या गणित से परीक्षा उत्तीर्ण ऐसे विद्यार्थी, जो बीएससी में प्रवेश लेना चाहते हैं, विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पात्रता एवं प्रवेश संबंधी नियमों के अनुसार आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश सीटों की उपलब्धता एवं निर्धारित मानकों के आधार पर किया जाएगा।इस संबंध में मंगलवार को जानकारी देते हुए प्रो राजेंद्र सिंह रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो मिथिलेश सिंह ने बताया कि प्रवेश से संबंधित पात्रता, विषय संयोजन, शुल्क, आवश्यक दस्तावेज तथा अंतिम तिथि की जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक सूचना एवं संबंधित विभाग से प्राप्त करने के बाद विद्यार्थी प्रवेश प्रक्रिया कर सकते है। इच्छुक विद्यार्थी समय सीमा के भीतर आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) क संस्थान के संबंधित विभागध्प्रवेश कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# शिवगुलामगंज मार्केट में दोहरे के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर । शिवगुलामगंज में मिलावटी और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक खाद्य पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने शिवगुलामगंज मार्केट में दोहरे के खिलाफ कार्रवाई की। टीम ने मौके से करीब 40 किलोग्राम दोहरा और 30 किलोग्राम सुपारी बरामद की। दोहरे के तीन नमूने जांच के लिए लिए गए हैं। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार जायसवाल के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने विकास अग्रहरि पुत्र विनय अग्रहरि के निवास स्थान पर कार्रवाई की। जांच के दौरान बरामद दोहरा और सुपारी को नियमानुसार मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। कार्रवाई के दौरान मौजूद विकास अग्रहरि को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मयंक शंकर दुबे, विनोद कुमार यादव और अपराजिता तिवारी शामिल रहे। अधिकारियों ने बताया कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। मिलावटी, प्रतिबंधित अथवा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक खाद्य पदार्थों का कारोबार करने वालों के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई जारी रहेगी। अभियान के दौरान मानवाधिकार आयोग, लखनऊ से रुपेश चौध ारी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने भी उपभोक्ता हितों की सुरक्षा और जनजागरूकता के उद्देश्य से अधिकारियों के साथ निरीक्षण में सहयोग किया। खाद्य सुरक्षा विभाग ने कहा कि क्षेत्र में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच और निगरानी का अभियान आगे भी जारी रहेगा। अधिकारियों ने लोगों से भी खाद्य पदार्थों की खरीदारी करते समय उनकी गुणवत्ता और मानकों का ध्यान रखने की अपील की।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। यूपी के जौनपुर स्थित जलालपुर थाना अंतर्गत इजरी गांव के समीप मंगलवार को ट्रेन की चपेट में आकर एक 22 वर्षीय युवक की मौत हो गयी।युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। ऊक्त क्षेत्र के रासीपुर गांव निवासी अनुज कुमार यादव (22)पुत्र स्वर्गीय शंकर यादव



नौकरी की तैयारी कर रहा था।वह किसी काम से सुबह जलालपुर बाजार जा रहा था।रास्ते मे बाकराबाद व इजरी के बीच मे शौच करने चला गया।वह उसी दौरान वह किसी ट्रेन की चपेट में आ गया।उसकी मौके पर मौत हो गयी।घटना की सूचना पर परिजन तथा थानाप्रभारी सत्येंद्र विक्रम सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक का बड़ा भाई अभिमय यादव बाराबंकी में यूपी पुलिस के जवान के रूप में तैनात है।घर मे माँ इंद्रावती का घटना के बाद हाल बेहाल है।वह बेसुध पड़ी है।पूरे गांव में गमगीन माहौल है। इस संबंध में जानकारी लेने पर थानाध्यक्ष सतेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है कोई तहरीर नहीं मिली है। अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# 19 अगस्त को गोंडा के राजपुर सूकरखेत में मनाई जाएगी तुलसी जयंती

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। विश्व के महानतम ग्रंथ रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज की जयंती श्रावण शुक्ला सप्तमी को मनायी जाती है। इस वर्ष यह तिथि 19 अगस्त 2026 को पड़ रही है। इस अवसर पर सनातन धर्म परिषद एवं श्री तुलसी जन्मभूमि न्यास द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं। इसमें स्थान स्थान पर रामचरितमानस का पाठ आयोजित होगा और गोस्वामी तुलसीदास जी के बारे में गोष्ठियां आयोजित की जायेगीं। आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि तुलसी के सम्मान में गोस्वामी तुलसीदास




अंतर्राष्ट्रीय केन्द्रीय विश्वविद्यालय खोलने का सुझाव विदेश राज्यमंत्री मा० श्री कीर्तिवर्धन सिंह जी के माध्यम से दिया है, वे इसके लिये प्रयास कर रहें हैं। आपको ज्ञात होगा कि अयोध या में राम की पैड़ी, हरिद्वार में हरि की पैड़ी की तरह मा० मुख्यमंत्री योगी श्री आदित्यनाथ जी को आग्रह किया है कि इसी तर्ज पर तुलसीदास की जन्मभूमि राजापुर सूकरखेत, गोण्डा में तुलसी की पैड़ी का निर्माण कराया जाना चाहिए। इस स्थान पर लाखों श्रद्धालु निरंतर आते रहते हैं। यह एक तुलसीधाम के रूप में विकसित हो रहा है। हमारी यह भी योजना है कि तुलसी जन्मभूमि पर अनवरत निरंतर श्रीरामचरितमानस का पाठ करने की व्यवस्था की जा रही है। यह अनुष्ठान इसी तुलसी जयंती से प्रारम्भ हो जायेगा। इस अवसर पर तुलसी साहित्य और रामकथा के मर्मज्ञ विद्वानों द्वारा तुलसी के व्यक्तित्व एवं सनातन धर्म को उनके योगदान के बारें में गोष्ठियां आयोजित की जायेगी। इसके लिये देश भर से विद्वान पधार रहे हैं। इस अवसर पर हर वर्ष की तरह भण्डारा भी सम्पन्न होगा। इसके साथ ही विद्वानों का सम्मान भी किया जायेगा, और उन्हें सम्मान पत्र अर्पित किया जायेगा। विदित हो कि रामचरितमानस की अब तक 8 करोड़ से अधिक प्रतियां गीता प्रेस द्वारा प्रकाशित की जा चुकी हैं। तुलसी ने राम को जन–जन तक समग्र विश्व में पहुंचाया है। उक्त जानकारी डॉ. स्वामी भगवदाचार्य अध्यक्ष सनातन धर्म परिषद ने दी।

# कस्तूरबा विद्यालयों की छात्राओं ने खेल प्रतिभा में दिखाया दम, मंडल स्तर के लिए हुआ चयन



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की छात्राओं के विभिन्न खेलों में जनपदीय चयन ट्रायल का आयोजन इंदिरा गांधी स्टेडियम में किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समीर के निर्देशन एवं जिला समन्वयक बालिका शिक्षा शोभा तिवारी की देखरेख में आयोजित प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चयनित छात्राएं अब मंडल स्तर पर जनपद जौनपुर का प्रतिनिधित्व करेंगी। चयन ट्रायल में कबड्डी, खो–खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, शतरंज, योगा एवं एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। एथलेटिक्स के जूनियर वर्ग की 100 मीटर दौड़ में निधि जायसवाल (सुजानगंज) ने प्रथम, शिवांसी बिंद (शाहगंज) ने द्वितीय तथा दिव्यां कुमारी (करंजाकला) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में उजाला चौहान (जलालपुर) प्रथम, तृप्ति पटेल (बरसठी) द्वितीय तथा प्रिया निषाद (धर्मापुर) तृतीय रहीं। 400 मीटर दौड़ में आभा एवं आकृति (महराजगंज) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। जूनियर वर्ग की गोला फेंक प्रतियोगिता में उजाला (मुक्तिगंज) प्रथम, रुचि (बदलापुर) द्वितीय तथा शालू (जलालपुर) तृतीय रहीं। वहीं सीनियर वर्ग की गोला फेंक प्रतियोगिता में आंचल गुप्ता (सुंईथाकला) ने प्रथम तथा अंशुमा (करंजाकला) ने द्वितीय स्थान हासिल किया। बैडमिंटन में आउसी पासवान (खुटहन), मानवी (शाहगंज) एवं पायल मिश्रा (सुंईथाकला) का मंडल स्तर के लिए चयन किया गया। शतरंज प्रतियोगिता में दिव्यांशी (मड़ियाहूं) ने प्रथम तथा आंशी (शाहगंज) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी अशोक सोनकर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों में निरंतर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। चयन ट्रायल में निर्णायक की भूमिका रवि चंद्र यादव, राकेश कुमार यादव, प्रियंका सिंह, अंकिता यादव, अरुणेश, मनीष सिंह, मनोज यादव, अमित सोनकर एवं सुरेश यादव ने निभाई। इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की वार्डन, व्यायाम शिक्षक एवं लेखाकार सहित अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

# शैल्बी हॉस्पिटल्स ने गुजरात की पहली टेली रोबोटिक बैरियाट्रिक सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। रोबोटिक सर्जरी के क्षेत्र में एक अहम उपलब्धि हासिल करते हुए, शैल्बी मल्टी–स्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स ने गुजरात की पहली टेली–रोबोटिक बैरिएट्रिक (मेटाबोलिक) सर्जरी सफलतापूर्वक की है। इस सर्जरी में, ऑपरेशन करने वाले सर्जन ने गुरुग्राम से दूर बैठकर रोबोटिक सिस्टम को कंट्रोल किया, जबकि मरीज की सर्जरी अहमदाबाद में हो रही थी। टेली–रोबोटिक बैरिएट्रिक सर्जरी का नेतृत्व शैल्बी हॉस्पिटल्स के कंसल्टेंट लैप्रोस्कोपिक, रोबोटिक, बैरिएट्रिक और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जन डॉ. पराग पटेल ने किया, जिन्होंने गुरुग्राम के एसएस इनोवेशन सेंटर से दूर से ही ऑपरेशन किया। उन्होंने शैल्बी हॉस्पिटल, एसजी हाईवे, अहमदाबाद में बेडसाइड क्लिनिकल टीम के साथ मिलकर काम किया, जिसकी अगुवाई कंसल्टेंट रोबोटिक और लैप्रोस्कोपिक गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल, बैरिएट्रिक और मेटाबोलिक सर्जन डॉ. सौरभ दामानी कर रहे थे। टीम में डॉ. मोहसिना सैय्यद, हार्दिक मैकवान, हार्दिक आचार्य के साथ–साथ पूरी एनेस्थीसिया, नर्सिंग, ऑपरेटिंग थिएटर और टेक्निकल टीमें भी शामिल थीं, जिनके बेहतरीन तालमेल से यह प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हुई। शैल्बी हॉस्पिटल्स, अहमदाबाद के क्लस्टर सीओओ, श्री परिमल पटेल ने कहारू यह उपलब्धि शैल्बी हॉस्पिटल्स की अपने मरीजों तक नई मेडिकल इनोवेशन पहुँचाने की लगातार कोशिशों को दिखाती है। गुजरात की पहली टेली–रोबोटिक बैरिएट्रिक सर्जरी यह दिखाती है कि कैसे एडवांस्ड टेक्नोलॉजी भौगोलिक बाध ााओं को दूर कर सकती है और मरीजों तक एक्सपर्ट सर्जिकल केयर पहुँचा सकती है। हमें विश्वास है कि टेली–रोबोटिक्स विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं की पहुंच को और बेहतर बनाएगी और हमारे नेटवर्क के अधिक से अधिक मरीजों को विश्वस्तरीय रोबोटिक सर्जरी का लाभ मिल सकेगा। भारत में विकसित, सबसे नया रोबोटिक सर्जिकल प्लेटफॉर्म श्एसएसआई मंत्रा 3श, टेली–रोबोटिक्स के जरिए भौगोलिक दूरियों की बाधाओं को खत्म करता है। इससे एक्सपर्ट सर्जन दूर से ही जटिल सर्जरी कर सकते हैं और मरीजों को यात्रा करने की जरूरत नहीं पड़ती। उम्मीद है कि इस उपलब्धि से भारत में शैल्बी के हॉस्पिटल नेटवर्क में एडवांस्ड रोबोटिक सर्जरी की सुविधा ज्यादा लोगों तक पहुँच सकेगी। शरीर के अतिरिक्त वजन ने मरीज की रोजमर्रा की गतिविधियों, जैसे सीढ़ियाँ चढ़ने की क्षमता को प्रभावित किया था। इन प्रक्रियाओं से काफी और लंबे समय तक वजन कम होने, मोटापे से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं और मेटाबोलिक स्वास्थ्य में सुधार होने, और ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया और ग्रेड प्प फैटी लिवर जैसी जुड़ी हुई जटिलताओं को ठीक करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

रोबोटिक–असिस्टेड बैरिएट्रिक सर्जरी, पारंपरिक मिनिमली इनवेसिव सर्जरी की तुलना में कई बड़े फायदे देती है। यह सर्जनों को हाई–डेफिनिशन 3डी विजन, बेहतर सटीकता और ज्यादा कुशलता के साथ काम करने की सुविधा देती है। इससे सर्जरी ज्यादा सुरक्षित और सटीक होती है, खासकर गंभीर रूप से मोटापे से ग्रस्त मरीजों के मामले में। इसके परिणामस्वरूप टिश्यू को कम नुकसान पहुँचता है, सर्जरी के बाद दर्द कम होता है, मरीज तेजी से ठीक होते हैं और इलाज के नतीजे बेहतर होते हैं।

# आचार्य शांतनु जी महाराज के मुखारविंद से पुनः गूंजेगी श्रीराम कथा



जौनपुर। जमदग्नि ऋषि की पावन धरती एक बार फिर श्रीराम कथा की अमृतवाणी से गुंजायमान होने जा रही है। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा व्यास पूज्य आचार्य शांतनु जी महाराज के मुखारविंद से 21 से 29 अक्टूबर तक बीआरपी इंटर कॉलेज खेल मैदान में भव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा से एक दिन पूर्व 20 अक्टूबर को विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर सोमवार को कैलाशपति, गोधना स्थित आवास पर पूज्य आचार्य शांतनु जी महाराज के आगमन पर वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह ने सपरिवार उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। श्रावण मास के द्वितीय सोमवार के अवसर पर आचार्य शांतनु जी महाराज ने आगामी कलश यात्रा और श्रीराम कथा के सफल, मंगलमय एवं जनकल्याणकारी आयोजन के लिए संकल्प–पूजन कराया। वर्ष 2023 में सेवा भारती के नेतृत्व में ज्ञान प्रकाश सिंह की ओर से इसी मैदान पर आचार्य शांतनु जी महाराज की श्रीराम कथा का आयोजन किया गया था। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए थे। इसके बाद वर्ष 2024 में इसी परिसर में अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास प्रेमभूषण जी महाराज की श्रीराम कथा आयोजित हुई थी। अब एक बार फिर इसी मैदान पर आचार्य शांतनु जी महाराज की कथा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा कि श्रीराम कथा जनमानस को भक्ति से जोड़ने के साथ संस्कार, मर्यादा, सेवा और सामाजिक समरसता का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि 20 अक्टूबर को भव्य कलश यात्रा और 21 से 29 अक्टूबर तक श्रीराम कथा का आयोजन होगा। आयोजन को भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु कथा का श्रवण कर सकें। इस अवसर पर काशी प्रांत के प्रांत कार्यवाह मुरली पाल, सेवा भारती जौनपुर के विभाग अध्यक्ष डॉ. तेज सिंह समेत अन्य गणमान्यजन मौजूद रहे। श्रावण मास के द्वितीय सोमवार के अवसर पर आचार्य शांतनु जी महाराज ने आगामी कलश यात्रा और श्रीराम कथा के सफल, मंगलमय एवं जनकल्याणकारी आयोजन हेतु संकल्प–पूजन संपन्न कराया। बताया गया कि वर्ष 2023 में सेवा भारती के नेतृत्व में ज्ञान प्रकाश सिंह की ओर से इसी मैदान पर आचार्य शांतनु जी महाराज की श्रीराम कथा का आयोजन किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए थे। इसके पश्चात वर्ष 2024 में इसी परिसर में अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास प्रेमभूषण जी महाराज की श्रीराम कथा आयोजित हुई थी। अब एक बार फिर इसी मैदान पर आचार्य शांतनु जी महाराज की कथा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा कि श्रीराम कथा जनमानस को भक्ति से जोड़ने के साथ–साथ संस्कार, मर्यादा, सेवा और सामाजिक समरसता का संदेश प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि 20 अक्टूबर को भव्य कलश यात्रा तथा 21 से 29 अक्टूबर तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए व्यापक तैयारियाँ की जा रही हैं, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु कथा का श्रवण कर सकें। इस अवसर पर काशी प्रांत के प्रांत कार्यवाह मुरली पाल, सेवा भारती जौनपुर के विभाग अध्यक्ष डॉ. तेज सिंह समेत अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# पुलिस खेल प्रतियोगिताओं में चमकीं कनक और स्मिता कनक ने 12 और स्मिता ने चार पदक जीतकर बढ़ाया जौनपुर पुलिस का मान

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव



जौनपुर। यूपी के जौनपुर में पुलिस विभाग की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक जीतने वाली महिला मुख्य आरक्षी कनक शर्मा और महिला मुख्य आरक्षी स्मिता को सोमवार को पुलिस कार्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव ने सम्मानित किया। दोनों महिला पुलिसकर्मियों को मेडल पहनाकर बधाई दी गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। थाना जलालपुर में तैनात महिला मुख्य आरक्षी कनक शर्मा ने विभिन्न पुलिस खेल प्रतियोगिताओं में कुल 12 पदक हासिल किए हैं। वाराणसी जोन में 10 से 12 जुलाई तक हुई 43वीं अंतर्जोनल पुलिस बैडमिंटनध्टेबल टेनिस प्रतियोगिता में उन्होंने तीन स्वर्ण और दो रजत समेत पांच पदक जीते। वहीं 23 से 26 जुलाई तक मुरादाबाद में हुई उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक खेल प्रतियोगिता–2026 में चार कांस्य और तीन रजत समेत सात पदक हासिल किए। इसी तरह महिला मुख्य आरक्षी स्मिता ने सोनभद्र में आयोजित 43वीं उत्तर प्रदेश पुलिस अंतर जनपदीय बैडमिंटनध्टेबल टेनिस प्रतियोगिता–2026 में दो स्वर्ण और दो रजत समेत कुल चार पदक जीते। इस तरह कनक शर्मा ने तीन स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य सहित कुल 12 पदक तथा स्मिता ने दो स्वर्ण और दो रजत सहित चार पदक अर्जित किए। अपर पुलिस अध ीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव ने दोनों की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सफलता अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी प्रेरणादायी है। पुलिस परिवार ने दोनों महिला पुलिसकर्मियों की उपलब्धि पर गर्व जताया।

# जौनपुर में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बना रहीं चार लाख तिरंगे

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव



जौनपुर। यूपी के जौनपुर में 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं अभियान के लिए चार लाख राष्ट्रीय ध्वज तैयार करने में जुटी हैं। इन्हें 13 अगस्त तक तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक करीब तीन लाख तिरंगे तैयार कर वितरित भी किए जा चुके हैं। जिले के प्रत्येक ब्लॉक में पांच–पांच स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तिरंगा बनाने के कार्य में जुटी हैं। एनआरएलएम के तहत गठित 105 महिला स्वयं सहायता समूहों की करीब 300 महिलाएं इस काम को पूरा करने में लगी हैं। महिलाएं तिरंगे तैयार कर न केवल अभियान को गति दे रही हैं, बल्कि इसके माध्यम से रोजगार से भी जुड़ रही हैं। मंगलवार को अभियान की जानकारी देते हुए उपायुक्त स्वरोजगार जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को तिरंगा बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि जिले में ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत वर्तमान में 19 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं। अभियान के तहत तैयार किए जा रहे सभी तिरंगे 15 अगस्त से पहले सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों और आमजन तक पहुंचाने की योजना है। संबंधित विभाग स्वयं सहायता समूहों से झंडे खरीदकर गांवों में घर–घर तक पहुंचाएंगे, ताकि स्वतंत्रता दिवस पर अधिक से अधिक घरों पर तिरंगा फहराया जा सके। एनआरएलएम से जुड़ी महिलाएं तीन अलग–अलग आकार के तिरंगे तैयार कर रही हैं। इनकी कीमत 20 रुपये तक निध ारित की गई है। झंडे बनाने में कॉटन और पॉलिस्टर के कपड़े का इस्तेमाल किया जा रहा है। अभियान से जुड़ी महिलाओं में भी तिरंगा तैयार करने को लेकर खासा उत्साह है। सरकार की महिलाओं को लेकर रोजगार योजना के तहत प्रत्येक महिला समूह को 40 हजार रुपए तक मिलेगा। जिससे उनके अंदर उत्साह की भावना जागृत होगी।

# शारदीय नवरात्र की तैयारियों को लेकर श्री दुर्गा पूजा महासमिति की साधारण सभा में विस्तृत मंथन

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव



जौनपुर। श्री दुर्गा पूजा महासमिति की साधारण सभा की बैठक महासमिति के केंद्रीय कार्यालय नवदुर्गा शिव मंदिर, नखास में अध्यक्ष मनीष देव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी शारदीय नवरात्र के अवसर पर महासमिति द्वारा आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों एवं तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पुरस्कार वितरण सहित अन्य आयोजनों की रूपरेखा पर भी विचार–विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध यक्ष मनीष देव ने शारदीय नवरात्र के कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि नवरात्र के दौरान सभी कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित, गरिमामय एवं भव्य रूप से संपन्न कराने के लिए समयबद्ध तैयारी आवश्यक है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से आयोजन को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहयोग की अपील की। बैठक में प्रमुख रूप से शारदीय नवरात्र से पहले नगर एवं ग्रामीण अंचलों की सड़कों की खराब स्थिति पर चर्चा की गई। महासमिति ने जिला प्रशासन से मांग की कि नवरात्र शुरू होने से पहले नगर और ग्रामीण क्षेत्रों की प्रमुख सड़कों को जल्द से जल्द गड्ढामुक्त कराया जाए, ताकि विभिन्न पूजा समितियों को मां दुर्गा की प्रतिमाओं को पंडालों तक ले जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके साथ ही बिजली और साफ–सफाई की व्यवस्था को लेकर भी जिला प्रशासन से आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई। महासमिति के सदस्यों ने कहा कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नवरात्र से पहले बिजली व्यवस्था, सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से दुरुस्त करा दिया जाए, जिससे पूजा समितियां शारदीय नवरात्र के कार्यक्रमों को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न करा सकें। महासचिव मनीष गुप्ता ने उपस्थित सदस्यों से आगामी कार्यक्रमों को लेकर सुझाव आमंत्रित किए। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के सामूहिक सहयोग और सुझावों से शारदीय नवरात्र के कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी एवं सफल बनाया जा सकेगा। उन्होंने विभिन्न व्यवस्थाओं पर भी विस्तृत चर्चा की। महासमिति ने निर्णय लिया कि जल्द ही महासमिति के पदाधिकारी, संरक्षक मंडल एवं अध्यक्ष मनीष देव के नेतृत्व में जिलाधिकारी, पुलिस अध ीक्षक, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग से मुलाकात करेंगे। इस दौरान नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों, बिजली, साफ–सफाई सहित अन्य जनसमस्याओं से संबंधित मांगों का पत्रक अधिकारियों को सौंपा जाएगा। बैठक के दौरान महासमिति के संरक्षकों, प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों एवं अति विशिष्ट सदस्यों ने भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए। सदस्यों ने नवरात्र के दौरान होने वाले आयोजनों, पुरस्कार वितरण एवं अन्य कार्यक्रमों को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए तथा सभी ने मिलकर आयोजन को सफल बनाने पर बल दिया। बैठक में संरक्षक विंध्याचल सिंह, निखिलेश सिंह, राधे कृष्ण ओझा, मुन्ना, तथा विशिष्ट सदस्य शशांक सिंह रानू, मोतीलाल यादव, अनिल अस्थाना, लालचंद निषाद, अनिल साहू, विनोद यादव, अरविंद बैंकर, अतुल सिंह मुन्ना, विवेक सिंह, सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त बैठक में रामप्रकाश यादव, गौरव श्रीवास्तव, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव,महेश जायसवाल, रत्नेश सिंह, अमित गुप्ता, संदीप जायसवाल, राजन अग्रहरि, शैलेंद्र मिश्रा, विजय गुप्ता, संजय मोदनवाल, संजय विश्वकर्मा, चंदन यादव, विष्णु, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव, मो. शाहिद, लालता सोनकर, श्रीपाल यादव, ज्ञानेन्द्र दूबे, अभिषेक अग्रहरी, प्रिन्स तनेजा, विवेक जायसवाल, सहित महासमिति के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।। उक्त जानकारी महासमिति के मीडिया प्रभारी दीपक श्रीवास्तव ने दी।

# ‘मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के अंतर्गत महिलाओं को किया गया जागरूक’




‘रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव’

‘पाली–(हरदोई)’ पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण और संबंधित क्षेत्राधिकारी के मार्ग दर्शन में महिला पुलिस टीम ने पाली क्षेत्र में बीट भ्रमण के दौरान महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा तथा सशक्तिकरण के लिए मिशन शक्ति 5.0 अभियान का दूसरा चरण चलाया गया। थाना क्षेत्र के ग्राम रतनापुर में बहू बेटी सम्मेलन में चौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान,स्वावलंबन और उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान हेतु चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को जैसे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना,रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष योजना,सुकन्या समृद्धि योजना, वृद्धा पेंशन योजना, आदि के संबंध में विधिवत जानकारी प्रदान की गई,साथ ही कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को महिला हिंसा से संबंधित शिकायतों के निवारण हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1090,1076, 1098, 112,102,181,1930 की हेल्पलाइन नंबरों तथा साइबर सुरक्षा की जानकारी प्रदान की गई। उन्हें आवश्यक ता पड़ने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया।इस कार्यक्रम में महिला पुलिस टीम में महिला आरक्षी संगीता चौहान, महिला कांस्टेबल पूजा,आदि मौजूद रहीं।

# चुनौतियों से न घबराएं, साहस अनुशासन के साथ करें सामना -लेफ्टिनेंट कर्नल पुष्पेंद्र सिंह



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान द्वारा आर्यभट्ट सभागार में छात्र–छात्राओं के लिए "चुनौतियों से कैसे लड़ा जाए" विषय पर प्रेरणादायी मोटिवेशनल टॉक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कीर्ति चक्र से सम्मानित लेफ्टिनेंट कर्नल पुष्पेंद्र सिंह रहे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल पुष्पेंद्र सिंह, कीर्ति चक्र ने कहा कि जीवन में चुनौतियां प्रत्येक व्यक्ति के सामने आती हैं, लेकिन सफलता उन्हीं को मिलती है जो कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, अनुशासन और आत्मविश्वास बनाए रखते हैं। उन्होंने अपने सैन्य जीवन के अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे कठिनाइयों से घबराएं नहीं और अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ते रहें। उन्होंने कहा, "वीर तुम बढ़े चलो, कठिनाइयों से मत डरो। लक्ष्य कितना भी कठिन क्यों न हो, दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास से उसे प्राप्त किया जा सकता है।" उन्होंने विद्यार्थियों को नेतृत्व की भावना विकसित करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि नेतृत्व केवल आदेश देने का नाम नहीं है, बल्कि कठिन समय में स्वयं आगे बढ़कर उदाहरण प्रस्तुत करने का नाम है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहते हुए राष्ट्र और समाज के प्रति अपने दायित्वों का भी निर्वहन करना चाहिए। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि लेफ्टिनेंट कर्नल पुष्पेंद्र सिंह, कीर्ति चक्र का जीवन युवा पीढ़ी के लिए साहस, कर्तव्यनिष्ठा, राष्ट्रभक्ति और अनुशासन की प्रेरणादायी पाठशाला है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ–साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करने का साहस, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करनी चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्य वक्ता के सैन्य अनुभव और जीवन–संघर्ष विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में मार्गदर्शक सिद्ध होंगे। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना, दीप प्रज्वलन एवं विश्वविद्यालय के कुलगीत से हुआ। दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान के निदेशक प्रो. विनोद कुमार ने मुख्य वक्ता एवं उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की ओर से मुख्य वक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल श्री पुष्पेंद्र सिंह, कीर्ति चक्र को अभिनंदन–पत्र, स्मृति–चिह्न एवं अंगवस्त्रम् भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुराग मिश्र ने किया। इस अवसर पर प्रो. मानस पांडेय, प्रो. प्रमोद कुमार यादव, प्रो. मिथिलेश कुमार सिंह, डॉ. वनिता सिंह, डॉ. प्रियंका कुमारी,श्री प्रकाश यादव, डॉ. राजित राम सोनकर, डॉ. अंकित कुमार, डॉ. दिनेश कुमार सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. राहुल कुमार राय, डॉ. इन्द्रजीत सिंह, श्री रविकेश कुमार मौर्य, डॉ. विपिन कुमार सिंह, डॉ. आश्रया दुबे, डॉ. शुभम सिंह एवं योगेश उत्तम सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# ‘फीनिक्स पलासियो ने इलेक्ट्रॉनिक फेस्ट और स्वतंत्रता दिवस समारोह के साथ आजादी से प्रगतिशील डिजिटल भारत तक देश की यात्रा का जश्न मनाया’

’लखनऊ। फीनिक्स पलासियो, लखनऊ इस स्वतंत्रता दिवस पर शॉपिंग, टेक्नोलॉजी, क्रिएटिविटी और प्रगतिशील भारत की भावना को एक साथ ला रहा है। इसके तहत 7 से 16 अगस्त 2026 तक विशेष इलेक्ट्रॉनिक फेस्ट का आयोजन किया




जा रहा है। इसके साथ ही 14 से 16 अगस्त तक परिवारों और बच्चों के लिए स्वतंत्रता दिवस से जुड़े कई खास अनुभव भी आयोजित किए जाएंगे। इलेक्ट्रॉनिक फेस्ट में यूनि, क्रोमा, रिलायंस डिजिटल, सैमसंग, बोस, एचपी, एएसयूएस, डेल, लेनोवो आदि प्रमुख ब्रांड्स के इलेक्ट्रॉनिक्स, गैजेट्स, अप्लायंसेज और लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स की विस्तृत रेंज उपलब्ध होगी। इस कैंपेन के दौरान ग्राहक चुनिंदा ब्रांड्स और प्रोडक्ट्स पर 50: तक के विशेष ऑफर और डिस्काउंट का लाभ उठा सकते हैं। शॉपिंग अनुभव को और खास बनाते हुए, ₹ 1.75 लाख या उससे अधिक की ऑफर के लिए मान्य खरीदारी करने वाले ग्राहकों को सुनिश्चित गोल्ड कॉइन मिलेगा। ₹ 20,000 या उससे अधिक की पात्र खरीदारी करने वाले ग्राहकों को एक विशेष रिवॉर्ड प्रोग्राम में हिस्सा लेने का अवसर भी मिलेगा, जिसमें 2 कपल यूरोप ट्रिप और एक टोयोटा हाइराइडर शामिल हैं। ये ऑफर चुनिंदा ब्रांड्स, स्टोर्स और प्रोडक्ट्स पर लागू हैं और संबंधित नियम व शर्तों के अधीन हैं। इलेक्ट्रॉनिक फेस्ट में शामिल ब्रांड्स भी ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर लेकर आए हैं। क्रोमा में ग्राहक चुनिंदा होम अप्लायंसेज पर 20: तक के सीधे डिस्काउंट का लाभ उठा सकते हैं। रिलायंस डिजिटल में ₹ 1,000 तक का एक्सचेंज बोनस, चुनिंदा प्रोडक्ट्स पर 50: तक का डिस्काउंट, पात्र बैंक कार्ड, पेपर फाइनेंस और यूपीआई ट्रांजेक्शन पर ₹ 30,000 तक के लाभ के साथ चुनिंदा प्रोडक्ट्स पर अतिरिक्त 1 साल की वारंटी दी जा रही है। बोस में ग्राहक लाइफस्टाइल कलेक्शन पर 15: तक के डिस्काउंट के साथ चुनिंदा बैंक कार्ड पर ₹ 5,000 तक के इंस्टेंट डिस्काउंट का लाभ उठा सकते हैं। यूनिक भी एप्पल प्रोडक्ट्स पर स्वतंत्रता दिवस के विशेष ऑफर दे रहा है। इनमें पात्र बैंक कार्ड पर एप्पल आईफोन 17 पर ₹ 3,000 तक का इंस्टेंट कैशबैक शामिल है। ये ऑफर 16 अगस्त 2026 तक उपलब्ध हैं और संबंधित ब्रांड्स और स्टोर्स के नियम व शर्तों के अधीन हैं। स्वतंत्रता दिवस समारोह में संस्कृति और अनुभव का रंग जोड़ते हुए, फीनिक्स पलासियो ने आजादी के बाद भारत की शानदार यात्रा से प्रेरित एक भव्य स्वतंत्रता दिवस सजावट तैयार की है। "आजाद भारत से इनोवेटिव भारत" थीम पर तैयार यह सजावट आगंतुकों को दशकों के दौरान देश में हुए बदलाव की एक विजुअल झलक देगी। इसमें आजादी के बाद राष्ट्र निर्माण के शुरुआती वर्षों से लेकर एक प्रगतिशील, डिजिटल रूप से सशक्त और इनोवेशन आधारित भारत के उभरने तक की यात्रा को दिखाया जाएगा। इस सजावट का मुख्य विचार यह है कि आजादी की भावना अब कुछ नया सोचने, बनाने और बेहतर भविष्य की कल्पना करने की आजादी में बदल गई है। यह इंस्टॉलेशन आगंतुकों को भारत की शानदार यात्रा को करीब से देखने और देश के भविष्य की संभावनाओं को एक आधुनिक और आकर्षक अंदाज में महसूस करने का अवसर देगा। आर्टिसोमेनिया के सहयोग से फीनिक्स पलासियो में 14 से 16 अगस्त तक सुबह 11 बजे से रात 9 बजे के बीच स्वतंत्रता दिवस थीम पर 3 दिवसीय कला और क्रिएटिव एक्टिविटीज का आयोजन भी किया जाएगा। इसके लिए मौके पर ही रजिस्ट्रेशन किया जा सकेगा। इस कार्यक्रम में बच्चों और परिवारों की क्रिएटिविटी को बढ़ावा देने वाली कई इंटरैक्टिव एक्टिविटीज शामिल होंगी। प्रतिभागी फ्रिज मैगनेट, कैनवास पेंटिंग और पिगी बैंक को अपनी पसंद के अनुसार तैयार और कस्टमाइज कर सकेंगे।

# 32वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की जिला स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न



अयोध्या।32 वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस अयोध्या द्वारा जिला स्तरीय एक दिवसीय मार्गदर्शक शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अयोध्या किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएसए लाल चन्द्र की।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीएसए लाल चन्द्र ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम के अध्यक्ष बीएसए लाल चन्द्र ने कहा कि राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस देश की एक महत्वपूर्ण एवं अभिनव वैज्ञानिक गतिविधि है।जिसका यह 32वाँ संस्करण आयोजित किया जा रहा है।इस मंच के माध्यम से विद्यार्थियों में सीखने की जिज्ञासा, समूह में कार्य करने की क्षमता तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास होता है।इस मौके पर डायट प्रवक्ता मनोज कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों को अपने आसपास के संसाधनों, परिवेश, पर्यावरण एवं स्थानीय समस्याओं से जोड़ते हुए विज्ञान आधारित समाधान खोजने के लिए प्रेरित करता है।इससे विश्लेषण तथा नवाचार की भावना विकसित होती है।कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी ने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का मुख्य विषय सतत विकास के लिए विज्ञान एवं नवाचार निर्धारित किया गया है।इसके अंतर्गत अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जल का समुचित उपयोग एवं संरक्षण, खाद्य, कृषि एवं स्वास्थ्य तथा सतत विकास हेतु भारतीय ज्ञान प्रणाली का अनुप्रयोग जैसे महत्वपूर्ण उप–विषयों पर बाल वैज्ञानिक अपने शोध प्रकल्प प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 10 से 14 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थी जूनियर तथा 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थी सीनियर श्रेणी में प्रतिभाग कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री लाल चन्द्र ने कहा कि राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की स्थापना वर्ष 1987 में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने, विद्यार्थियों वैज्ञानिक कार्यप्रणाली के प्रति गहन समझ विकसित करने के उद्देश्य से की गई थी। यह अभियान विद्यार्थियों को समाजोपयोगी अनुसंधान एवं नवाचार की दिशा में प्रेरित कर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने का अवसर प्रदान करता है। कार्यशाला में प्रतिभागी शिक्षकों को डायट प्रवक्ता श्री महेन्द्र कुमार वर्मा जी द्वारा राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की कार्यप्रणाली, परियोजना निर्माण, शोध विषयों के चयन तथा प्रस्तुतीकरण से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।एसआरजी मनीष रस्तोगी और एसआरजी अमित कुमार मिश्र ने शिक्षकों से विद्यार्थियों को स्थानीय समस्याओं पर आधारित शोध परियोजनाओं के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।जिससे विज्ञान शिक्षा को व्यवहारिक एवं समाजोपयोगी स्वरूप मिल सके।कार्यक्रम मे राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के ब्लॉक नोडल डॉ योगेन्द्र नाथ पाण्डेय, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, डॉ सिकंदर सिंह,कृपा शंकर वर्मा के साथ साथ डॉ उमा शंकर त्रिपाठी, नरेन्द्र सिंह, सत्येंद्र पाठक, राम नारायण वर्मा , विभोर कुमार सहित जनपद के बेसिक एवं माध्यमिक के विज्ञान विषय के मार्गदर्शक शिक्षक उपस्थित रहे।

# ओवर ब्रिज सहित हाइवे पर राहगीरों के लिये जानलेवा साबित हो रहा चाइनीज मांझा



अयोध्या।शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक पतंगबाजी के लिए इस्तेमाल होने वाला प्रतिबंधित चाइनीज मांझा लोगों की जान के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है।चाइनीस मांझा की चपेट में आकर कई राहगीर गंभीर रूप से घायल हो रहे है।ऐसा ही दर्दनाक हादसा सोमवार की देर शाम जीआईसी ओवर ब्रिज के ऊपर घटी,जब एक युवक बाइक से दर्शन नगर की ओर जा रहा था तभी वह मजे के सब कुछ चपेट में आ गया और घायल हो गया। इस तरह की दर्दनाक हाथ से सिर्फ जीआईसी ऊपर बीच पर ही ना होकर शहर के कई मार्गो और हाईवे पर भी हुई है।देखा जाये हाईवे प्रमुख ओवर ब्रिजो और सूनसान मार्गों पर दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों के लिए यह मांझा किसी मौत के फंदे से कम नहीं है।सड़क पर अचानक दिखाई न देने वाला यह चाईनीज मांझा वाहन सवारों के गले, चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में फंसकर उन्हें गंभीर रूप से घायल हो रहे है।परंतु इस पर पुलिस द्वारा रोक नहीं लगाई जा रही है।शहर में कुछ दुकानदारों द्वारा चोरी–छिपे चाइनीज मांझे की बिक्री किए जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं।ऐसे में सवाल यह है कि आखिर जानलेवा मांझे की बिक्री पर पूरी तरह रोक कब लगेगी?चाइनीज मांझे का सबसे अधिक खतरा हाईवे, पुलों और व्यस्त सड़कों पर दिखाई देता है।तेज रफ्तार में बाइक या स्कूटी चला रहे लोगों को हवा में फैला मांझा कई बार दिखाई नहीं देता और अचानक उनके सामने आ जाता है।एक पल की लापरवाही जिंदगी भर का दर्द दे सकती है।इस संबंध में एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि यह एक बहुत गंभीर समस्या है।बताया कि शीघ्र ही वे अपने अधीनस्थ सभी सीओ को निर्देश निर्देश देकर चाइनीस मांझा बेचने वाले सभी दुकानदारों और खरीदारों के लिए खिलाफ सगन चेकिंग अभियान चलाई जाएगी और जो भी इस प्रतिबंधित मंझे को खरीदते व बेचते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोर पुलिस कठोर से कठोर कार्यवाही करेगी।वही सीओ सिटी श्रीयस त्रिपाठी ने बताया कि शीघ्र ही चाइनीज मांझे के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान पतंग और मांझे की दुकानों की जांच की जाएगी।यदि किसी दुकान पर प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बिक्री के लिए रखा मिला अथवा कोई व्यक्ति इसे बेचते या खरीदते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नाले से उठ रही दुर्गंध,गंदगी और जलभराव से चंद्रशेखर व वैदेही नगर वासी चहुँओर समस्याओं से परेशान



अयोध्या।नगर निगम क्षेत्र के चंद्रशेखर कॉलोनी,वैदेही नगर में गंदा नाला और करीब तीन साल से अधूरी पड़ी सड़क स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है।नाले में गंदगी, कचरा और गंदा पानी जमा है।आसपास के घरों से निकलने वाला पानी भी इसी नाले में पहुंच रहा है,जिसके चलते नाले से उठने वाली तेज दुर्गंध के कारण आसपास रहने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है

आसपास गंदा नाला का पानी रुके होने व कचरे के कारण मच्छरों व अन्य कीड़ों के पनपने की आशंका भी बनी हुई है।वही बारिश के दौरान यह समस्या और गंभीर होने की संभावना रहती है।स्थानीय लोगों ने बताया कि इसी नाले के पास मंदिर भी स्थित है।मंदिर आने–जाने वाले श्रद्धालुओं को भी गंदगी और दुर्गंध के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है।स्थानीय निवासियों के मुताबिक, नाले के ऊपर सड़क निर्माण का कार्य करीब तीन वर्ष पहले शुरू हुआ था,लेकिन आज तक पूरा नहीं हो सका।जिस समय निर्माण कार्य शुरू हुआ था।उस समय आसपास कई मकानों का निर्माण चल रहा था।अब अधिकांश मकान बनकर तैयार हो चुके हैं और लोग रहने भी लगे हैं,लेकिन सड़क और नाले की समस्या जस की तस बनी हुई है।जिम्मेदारों की चुप्पी पर उठ रहे सवाल उठ रहे है।स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से समस्या बने रहने के बावजूद अभी तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो सका है।लोगों ने नगर निगम के महापौर, नगर आयुक्त, क्षेत्रीय पार्षद और संबंधित अधिकारी व कर्मी ध्यान नहीं दे रहे हैं।जिसके चलते यहां के स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

# तिरंगा यात्रा मार्ग की छतों पर तैनात होंगे पुलिसकर्मी, 400 से अधिक जवान संभालेंगे सुरक्षा

गोरखपुर, (संवाददाता)। शहर में निकलने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था पूरी कर ली है। यात्रा मार्ग और आसपास के इलाकों में 400 से अधिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। सुरक्षा के लिहाज से मार्ग पर पड़ने वाले मकानों, दुकानों और उनकी छतों को भी निगरानी के दायरे में रखा गया है। यहां पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, जो संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगे। यात्रा नगर निगम से शुरू होकर गांधी प्रतिमा होते हुए महाराणा प्रताप प्रतिमा और रेलवे स्टेशन तक जाएगी। यात्रा मार्ग पर भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस ने अलग–अलग स्थल निर्धारित किए हैं। प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। यात्रा के आगे और पीछे भी पुलिसकर्मियों की ड्यूटी रहेगी। सुरक्षा व्यवस्था के तहत यात्रा मार्ग पर ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। इसके अलावा मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिये भी भीड़ और गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी।

# छह जिलों में अग्निवीरों की भर्ती 17 से होगी शुरू

(राजन तिवारी सिटी रिपोर्टर)

अयोध्या। प्रदेश के छह जिलों में अग्निवीर भर्तियां शुरू की जाएंगी। इसके लिए भर्ती अभियान मेरठ में 17 अगस्त से शुरू किया जाएगा। इस अभियान के तहत बरेली, लखनऊ, वाराणसी, आगरा और अयोध्या में भर्ती रैलियां होंगी।अभियान 14 अप्रैल को अयोध्या में समाप्त होगा। मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में सोमवार को प्रदेश में आयोजित होने वाली अग्निवीर भर्ती रैलियों की तैयारियों के संबंध में बैठक की गई। बैठक में संबंधित विभागों एवं जिला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई।बैठक में बताया गया कि मेरठ में 17 अगस्त से 9 सितंबर 2026, बरेली में 14 सितंबर से 30 सितंबर 2026, लखनऊ में 11 जनवरी से 28 जनवरी 2027, वाराणसी में 2 फरवरी से 27 फरवरी 2027, आगरा में 4 मार्च से 24 मार्च 2027 और अयोध्या में 29 मार्च से 14 अप्रैल 2027 तक अग्निवीर भर्ती रैलियों का आयोजन किया जाएगा।

# कोतवाली नगर पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या। कोतवाली नगर पुलिस ने कूट रचित करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर मनोज शर्मा ने बताया कि निरीक्षक प्रदीप कुमार यादव अपने टीम के साथ चेकिंग अभियान कर रहे थे कि इसी दौरान शुभम गुप्ता उर्फ शिव्वू पुत्र संजय गुप्ता निवासी 4।10।40 स्माइल गंज साहबगंज थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या को मोहल्ला स्माइलगंज साहबगंज रामपथ मार्ग पर रोड़ के किनारे के पास से गिरफ्तार किया। बताया कि गिरफ्तार के लिए आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।




# बीकापुर पुलिस को लूट की झूठी खबर देने के मामले में चार हुए गिरफ्तार

(राजन तिवारी सिटी रिपोर्टर)

अयोध्या। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पांडेय ने बताया कि केल रात को धर्मेंद्र कुमार पुत्र रामधनी निवासी विनायकपुर थाना पूरा कलंदर जनपद अयोध्या ने 112 नंबर पर झूठी सूचना दिया कि काजी सराय पुल पर तीन लोगों द्वारा मारपीट कर उसका 84000 रुपया छीन लिया है। बताया कि इस सूचना पर डायल 112 की गाड़ी और लूट जैसी घटना की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए मैं खुद और अन्य उप निरीक्षकों,आरक्षियों को लेकर मौके पर पहुंच गया। सूचना करता धर्मेंद्र शराब के नशे में था पूछने पर बताया कि संदीप चौहान जो उसके ही गांव का निवासी है दो अन्य साथियों के साथ उसके साथ घटना किया है। यह भी बताया कि मेरे पास डीसीएम है किराया का पैसा था उसी को लेकर आ रहा था।जब मेरे द्वारा छानबीन की गई तो पाया गया कि चारों शराबी हैं। और पुल पर ही शराब पीकर शराब में पानी मिलाने की बात पर आपस में झगड़ा किया चारों ने। बताया कि जांच के दौरान पुनः हमलावर हुए चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर थाने लाकर हवालात में दाखिल किया गया।और जेल भेजा गया है।पकड़े गए धर्मेन्द्र कुमार, रंजीत कुमार व ओम नारायण निवासीगण विनायकपुर पूरा कलन्दर व संदीप चौहान कैल पारा पुरकलंदर को जेल भेजा गया है।




# पुरानी रंजिश में गड़ासे और कुदाल से हमला कर युवक का किया कत्ल ,घर बुलाकर की निर्मम हत्या

गोरखपुर, (संवाददाता)। जिले के थाना बृजमनगंज के ग्राम पंचायत खडखोडी निवासी हजारी (35) पुत्र राजकुमार की रंजिश में कुदाल व गड़ासे से हत्या कर दी गई। वारदात रात साढ़े आठ बजे की है। आनन–फानन में परिजन घायल को लेकर सीएचसी लोटन पहुंचे, अस्पताल पर पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। घायल हजारी के साथ आए परिजन



ने बताया कि उसी गांव के ही एक व्यक्ति से पुरानी रंजिश चल रही थी। किसी बात व मामले को लेकर दूसरे पक्ष से पूछताछ करने लगा। इसी दौरान विवाद हो गया। विवाद के बाद उसके घर वालों ने हजारी को मिलकर कुदाल व गड़ासे से हमला शुरू कर दिया। परिजन नजदीक के सिद्धार्थनगर जिले के लोटन सीएचसी ले आए। अस्पताल पहुंचते ही हजारी की मौत हो गयी। इसकी सूचना बृजमनगंज पुलिस को दे दी गई है। घटना के असली कारण का पता नहीं चल पाया है। थानाध्यक्ष बृजमनगंज मदन मोहन मिश्रा ने बताया कि घटना की जानकारी है।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी मे. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 – 7007415808, 9415034002
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।